होलिका दहन आज, कल उड़ेंगे रंग गुलाल

शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद, हुड़दंगियों पर रहेगी नजर

नरसिंहपुर, देशबन्धु। आज गुरूवार को जिले भर में होलिका दहन का पर्व मनाया जायेगा। कल शुक्रवार को धुरेड़ी पर जमकर रंग-गुलाल की बरसा होगी। शहर समेत आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन की तैयारियां कर ली गई हैं। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार इस बार रात्रि 11 बजे तक होलिका दहन आवश्यक रूप से किए जाने का निर्देश जारी किया गया है।

पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा जिन-जिन स्थानों पर होलिका दहन किया जा रहा है उस जगह का निरीक्षण कर निगरानी रखी जा रही है। त्यौहार को लेकर बाजार में जमकर मिठाईयों और रंग गुलाल की खरीददारी करते लोग नजर आ रहे हैं। रंगों का भरा त्यौहार धुरेड़ी के एक दिन पूर्व होलिका दहन से ही होली का

माहौल नजर आने लगा था।

वहीं त्यौहार को लेकर बाजार में भी रंग गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज-धजकर तैयार हो गईं हैं। लोग एक दिन पूर्व ही रंग-गुलाल, पिचकारियों की खरीदी करता नजर आया। बच्चों के लिए कार्टून समेत फिल्मी कैरेक्टरों से सजी पिचकारियां आकर्षण का केन्द्र बनीं हुईं हैं। वहीं धुरेड़ी के पूर्व बाजार में खोबे और मिठाईयों की भारी मांग देखी जा रही है।

रंग गुलाल समेत मिठाईयों के दाम भी बीते साल की अपेक्षा काफी बढ़े हुये हैं। फिर भी आमजनों के उत्साह के आगे मंहगाई हावी होती दिखाई नहीं दे रही है। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की दृष्टि से प्रशासन भी पूरी तरह चौकस नजर आ रहा है। रोजाना ही पुलिस टीम शहर में गश्त करती नजर आ रही है।

वैसे भी जिले का इतिहास शांतिपूर्वक होली मनाने का रहा है। फिर भी प्रशासन अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। इसके अलावा जिले में धुरेड़ी का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया जाता है।

होली पर्व को लेकर बाजार गुलजार हो गया है। बाजार में रंग-गुलाल के बाद सबसे अधिक मांग पिचकारी व मुखौटों की है। स्पाइडरमैन, छोटा भीम, ट्रिपल एक्स, एक्स-मैन, किलर फाइटर की मांग बच्चों में अधिक है।

वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। विद्यार्थियों ने बताया कि होली के दिन छुट्टी होने के कारण होली के दिन ही रंग गुलाल खेलेगें।

वहीं नगर में होली पर्व को लेकर पिछले दिनों पुलिस प्रशासन एवं शांति समिति की बैठक रखी गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए थे। जिसके चलते नगर में पुलिस टीम द्वारा नगर भ्रमण कर संदिग्धों पर पैनी नजर बनाये हुए है।

जगह-जगह चैकिंग प्वाइंट बनाये गए हैं। जिनमें बाहर से आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा वाहनों की चैकिंग भी नगर के विभिन्न चौराहों पर की जा रही है।

कंडे की होली तैयार

गाडरवारा देशबन्धु। नगर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है विभिन्न समितियां द्वारा कई स्थानों पर आज होलिका दहन किया जाएगाद्य शहर में रंग गुलाल की दुकानों पर भी जमकर खरीददारी की जा रही है। लोग होली का पर्व को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं।

मां बीजासेन सामाजिक कल्याण सेवा समिति द्वारा शास्त्री वार्ड पलोहा चुंगी नाके पर कंडे की होली तैयार की गई है, अलग-अलग रंगों से रंगे हुए गोबर के कंडे की होली नगर में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। शास्त्री वार्ड चुंगी नाके पर होलिका दहन कार्यक्रम आज रात्रि 10,30 बजे शुभ मुहूर्त के अनुसार होगा।

सार-समाचार

होली 14 मार्च व रंगपंचमी 19 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर ने जिले में होली 14 मार्च व रंग पंचमी 19 मार्च को शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी किया है। होली एवं रंग पंचमी के दिन जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें तथा रेस्तरां बार (एफएल 2), देशी मद्यभांडागार सायंकाल 5 बजे तक बंद रहेंगे। इस अवधि में मदिरा का क्रय- विक्रय, परिवहन आदि पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए आबकारी एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिये हैं। यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

आधार कार्ड बनवाने उमड़ी भीड़, परेशान हो रहे नागरिक

गाडरवारा, देशबन्धु। नगर में आधार कार्ड बनवाने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही सीमित आधार सेंटर होने से लोग पोस्ट ऑफिस कार्यालय में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। यहां पर पोस्ट ऑफिस से लेकर रोड तक लोगों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। सुबह 5 बजे से लोग अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए लाइन में लगने मजबूर हैं, लेकिन उनके आधार कार्ड भी नहीं बन पा रहे हैं। हालात यह हैं कि भीषण धूप और घंटों की मशक्कत के बावजूद वे निराश होकर घर लौट रहे हैं। दूसरे दिन भी उम्मीद के साथ लाइन में लगने मजबूर हो रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आमजन को राहत दिलाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। केंद्र पर सैकड़ों लोगों की भीड़ रहती है और एक दिन में सिर्फ 20 टोकन ही दिए जाते हैं, जिससे छोटे-छोटे बच्चों को लेकर महिलाएं परेशान होती हैं। लोगों का कहना है कि नगर में आधार सेंटरों की संख्या बढ़ाई जाए जिससे लोगों को परेशानी से निजात मिले और उनके आधार कार्ड संबंधी कार्य आसानी से हो सकें लेकिन प्रशासन द्वारा उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है।

समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य 31 तक

नरसिंहपुर, देशबन्धु। रबी विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए किसान पंजीयन का कार्य 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त 175 रुपये प्रति क्विंटल के बोनस की घोषणा की गयी है। इस तरह किसानों से 2600 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी की जायेगी। गेहूं उपार्जन के लिए किसान जिले के 67 विपणन, वृहत्ताकार, सेवा सहकारी समिति के अतिरिक्त समस्त प्राइवेट सीएससी, एमपी ऑनलाइन व ग्राम पंचायतों से पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। किसान स्वयं भी अपने मोबाइल के माध्यम से घर बैठे किसान एप के माध्यम से पंजीयन कर सकेंगे।

लाफ्टर क्लब का फाग उत्सव कल

गाडरवारा, देशबन्धु । लाफ्टर क्लब द्वारा चावड़ी वार्ड बड़े सेठ के बाड़े में कल 14 मार्च को फाग उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा । बसंत ऋतु के इस पावन अवसर पर सुबह 10 बजे फाग उत्सव रंग गुलाल फूलों की होली और मधुर संगीत के साथ प्रारंभ होगा और दोपहर 3 बजे तक चलेगा । इस रंगीले पर्व को विशेष बनाने के लिए आयोजक आप ओर हम ने बेहतर तैयारिया की है कल 14 मार्च को फाग उत्सव में सभी लोगो से उपस्थित होने की अपील की है।

सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का समापन

गाडरवारा, देशबन्धु । चांवड़ी स्थित बड़े सेठ के बाड़े में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का सात दिवसीय कार्यक्रम की समापन बेला में श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य मुनि श्री आस्तिक सागर जी एवं मुनि श्री प्रणीत सागर जी महाराज की उपस्थिति में प्रतिष्ठाचार्य पं. प्रदीप जी शास्त्री के द्वारा हवन की पूर्ण आहुति के साथ संपन्न हुआ 7 इसके बाद युगल मुनि एवं प्रतिष्ठाचार्य के मार्गदर्शन में जैन समाज का एक विशाल जुलूस श्री जी को चांदी की पालकी में विराजमान करके जुलूस निकाला गया इस मौके पर केसरिया परिधान में महिलाएं ,सफेद परिधान में पुरुष व नीले परिधान में बालिकाएं और उसके बाद विधान के मुख्य पात्रों सौधर्म इंद्र, कुबेर, श्रीपाल मैना रानी, महायज्ञनायक, ईसान इंद्र, माहेंद्र इंद्र यज्ञनायक आदि मुख्य पात्रों को बग्घियो पर सवार करके जैन समाज का ऐतिहासिक जुलूस निकाला गया जो की चावड़ी स्थित पंचायती जैन मंदिर से प्रारंभ होकर चौकी, झंडा चौक, श्याम टाकीज से होता हुआ वापस चावड़ी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा जहां पर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस समापन बेला में जैन समाज का वात्सल्य भोज का आयोजन पप्पू भैया कैटर्स वालों ने किया।

महिला महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं

नरसिंहपुर, देशबन्धु। शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण सप्ताह के अंतर्गत 12 मार्च को खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं महाविद्यालय प्राचार्य कृष्णा शर्मा ने छात्राओं को सफलता हेतु शुभकामना प्रदान की।

क्रीड़ा अधिकारी एल.एन. रजक एवं डॉ धीरज झा द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का संचालन किया खेल प्रतियोगिताओं में 100, 200, 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान विनिता कहार ने प्राप्त किया। 200, 400 मीटर दौड़ में कु. पूना जाटव ने द्वितीय स्थान एवं नेहा ठाकुर के तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेक, तवा फेक एवं भाला फेक प्रतियोगिता में रागिनी गौड प्रथम स्थान पर रही। चम्मच दौड़ में विनीता कहार प्रथम, रागिनी गौड़ द्वितीय एवं ममता रजक तृतीय स्थान पर रही। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा पिट्ठू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अ जिसका नेतृत्व तनुश्री द्वारा किया प्रथम स्थान पर रही। रजक, डॉ धीरज झा, सुश्री अशुल खरे एवं बिन्दुवाला जैन निर्णयक के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में चन्द्रप्रभा नेमा, जी.एस. गोल्हानी डॉ प्रतीक नेमा, रूचि जैन, मयुरी जैन, अभिषेक पटवा एवं पतिराम गौंड़ ने अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया।

मां कर्मा देवी जयंती महोत्सव 25 को

नरसिंहपुर, देशबन्धु। स्थानीय नरसिंहपुर साहू समाज की बैठक रखी गई थीं । बैठक में मां कर्मा देवी आयोजन समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्यता एवं दिव्यता के साथ आगामी 25 मार्च 2025 को भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जी जयंती महोत्सव धूमधाम से होटल सावित्री सिग्नेचर नरसिंहपुर में मनाया जाएगा।

जयंती महोत्सव को लेकर कल 10 मार्च दिन सोमवार को शाम 8 बजे होटल सावित्री सिग्नेचर में साहू समाज की बैठक रखी गई थी। सर्वप्रथम मां कर्मा देवी जी का पूजन किया गया। इसके बाद जयंती को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें 24 मार्च 2025 को मेहंदी रंगोली पेंटिंग फैंसी ड्रेस, डांस प्रतियोगिता आयोजित होगीं। दूसरे दिन 25 मार्च को

आयोजन समिति की बैठक में कार्यक्रम हुए तय

सुबह 8 बजे वाहन रैली जनपद मैदान से बाहरी रोड से मुशरान पार्क चौराहा से मेन रोड होते हुए सुभाष पार्क से कार्यक्रम स्थल तक जाकर संपन्न होगी।

जनपद मैदान से वाहन रैली प्रारंभ होगी जो की प्रारंभ स्थल से होते हुए समापन स्थल तक जावेगी। सभी स्वजातीय बंधुओ को समय का ध्यान रखते हुए सभी साथियों को आधा घंटे पूर्व पहुंचने का आग्रह किया गया है।

अध्यक्ष बंटी साहू ने साहू समाज की आराध्य भक्त संत शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1009वीं जयंती महोत्सव को लेकर अनेक बिंदुओं पर प्रकाश डाला साथ ही स्वजातीय बंधुओ से सुझाव भी मांगें । साथ ही मेघावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण भी होगा।

मानव जीवन यात्रा को यादगार बनायें

नरसिंहपुर, देशबन्धु। वृद्धावस्था वानप्रस्थ और वैराग्य की अवस्था होती है। इस अवस्था में माया मोह अज्ञान छोड़कर वैराग्य को धारण करें और अपने हृदय रूपी पावन मन मंदिर में ईश्वर को बसायें। त्याग से आने वाले कल का सुनहरा मार्ग मिलता है।ये उम्र ज्ञान मार्गदर्शन आनन्द और आशीष देने की उम्र है।

भगवान की भक्ति करते हुए हम सब सानंद रहें और सर्वे भवन्तु सुखिनन्का प्रसाद बांटते रहें।ये मनुष्य तन बड़े दुर्लभ से मिलता है।जन्म से लेकर मृत्यु तक की इस यात्रा को हम भगवान की भक्ति और सत्कर्म करते हुए यादगार बनायें। उक्ताशय के प्रवचन अष्टादश पुराण वक्ता आचार्य श्री ब्रजपाल शुक्ल जी महाराज वृंदावन धाम बालों ने गायत्री मंदिर सभागृह में वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर द्वारा आयोजित धार्मिक सत्संग आयोजन में दिये।

साहित्यकार ओज कवि अशोक त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्य सत्संग सेवा भक्ति दया परोपकार और मानवता के प्रसून खिलाकर हम इस जीवन को सार्थकता दे।उक्त अवसर पर कविवर त्रिपाठी ने अपने भावमयी कविता पाठ से सभी को भावविभोर किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य भवानी प्रसाद शर्मा का उनके जन्मोत्सव अवसर पर परिषद द्वारा पुष्पमाला शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान और नागरिक अभिनंदन किया। गुरुवर आचार्य जी ने भी अपना शुभाशीष दिया।

वरिष्ठ जन परिषद अध्यक्ष पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी ने आयोजन की रूपरेखा रखते हुए सभी का स्वागत और आभार प्रदर्शन किया। संचालन पंडित सी बी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रकाश दत्त डा केदार गुप्ता अशोक वर्मा जितेन्द्र गुप्ता विनोद श्रीवास्तव दिनेश श्रीवास्तव मदन श्रीवास्तव धनपत तिवारी प्रेमशंकर राघव बी एस पटेल यू एस उपाध्याय विजय शर्मा आदित्य शर्मा शशिकांत मिश्र अशोक नेमा डा आर एस शर्मा सी पी मिश्रा अनिल राय एन सी जैन एस के चतुर्वेदी महेश नेमा आर के नेमा छत्रपाल कोरी लीलाधर दुबे शरद साहू प्रभात राय संतोष शर्मा सुधीर दुबे बी डी मेहरा आर के नामदेव एस के राय उपस्थित थे।

हर वर्ग के विकास और विश्वास का बजट

नरसिंहपुर, देशबन्धु। भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने प्रस्तुत हुए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बुधवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 हेतु प्रदेश की जनता के लिए प्रस्तुत किया गया बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा 4,21,032 करोड़ का बजट हर वर्ग के विकास और विश्वास का है यह प्रदेश के विकास, समृद्धि और जनकल्याण के लिए ऐतिहासिक हैं। यह बजट प्रदेश सरकार की नीति सर्वे भवन्तु सुखिन: की भावना के अनुरूप समाज के हर वर्ग गरीबों, अन्नदाता, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान को समर्पित है। यह सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी बजट न केवल वर्तमान की समस्त आवश्यकताओं की परिपूर्ति करता है, बल्कि विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट मोदी के विकसित भारत के साथ ही विकसित मध्य प्रदेश 2047 के संकल्प को प्राप्त करने की दिशा की ओर अग्रसर हो रहा है।

बजट किसान -युवा- मजदूर विरोधी : माकपा

गाडरवारा, देशबन्धु। मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड जगदीश पटेल ने मध्य प्रदेश विधानसभा में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह बजट सिर्फ़ कार्पोरेट हित का एवं किसान ओर मजदूर विरोधी बताया है।

4 लाख 34 हजार करोड़ के कर्ज वाले राज्य में 3लाख 75 हजार करोड़ का बजट पेश करना राज्य की स्थिति को दर्शाता है। बजट में किसानों, मजदूरों, महिलाओं से किए वादे गेहुं 2700 धान 3100, लाडली बहना को 3000, नए पंजीयन के लिए बजट में कोई स्थान नहीं है रोजगार के लिए सिर्फ़ 1प्रतिशत की व्यवस्था युवाओं के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। निजी क्षेत्र में तक रोजगार की कमी दर्शाता है।

नाम परिवर्तन सूचना

आम सूचना जारी की जाती है कि कृपि द्विवेदी पिता संजय द्विवेदी निवासी गाडरवारा जिला नरसिहपुर म.प्र. कि कृपि द्विवेदी ही राधिका द्विवेदी है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है लेकिन जन्म प्रमाण पत्र मे कृपि द्विवेदी दर्ज है किन्तु उसके समस्त दस्तावेजों में राधिका द्विवेदी है अत: वह अपने जारी जन्म प्रमाण पत्र मे कृपि के स्थान पर राधिका द्विवेदी के नाम से जन्म प्रमाण पत्र बनवाना चाहती है जिसमे किसी को कोई आपत्ति नही है अत: राधिका द्विवेदी किया जावे जन्म दिनॉक 05.09.2007 जन्म स्थान नरसिहपुर है।

दिनांक 12.03.2025

राधिका द्विवेदी
पिता संजय द्विवेदी
शास्त्री वार्ड गाडरवारा
मो.- 7049371918

भारत निर्वाचन आयोग चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

गाडरवारा, देशबन्धु। आयोग ने राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय राजनीतिक दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए अनुभागीय राजस्व अधिकारी कलावती व्यारे ने बैठक कर सुझाव मांगे।

उल्लेखनीय है की भारत निर्वाचन आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया था। पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग दवारा एक सम्मेलन किया गया था। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने राजनीतिक दलों के साथ नियमित तौर पर बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को सख्ती से कानूनी दायरे के भीतर हल करने के निर्देश दिए थे।

आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी से वरिष्ठ नेता राजेश जैन, चंद्रकांत शर्मा, कांग्रेस से सतीश सैनी, कम्युनिस्ट पार्टी से एडवोकेट एन एस पटेल, सहित अनेक राजनीतिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

15 को मंडी में उपज की नीलामी का कार्य बंद रहेगा

नरसिंहपुर, देशबन्धु। हम्माल व तुलावटी मंडी नरसिंहपुर में सभी हम्मालों ने लिखित आवेदन देकर होली के दूसरे दिन 15 मार्च को मंडी में कार्य नही किया जायेगा। जिसके कारण मंडी में अनाज की नीलामी का कार्य 15 मार्च को बंद रहेगा।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए